Title: Need to provide financial assistance to Government of U.P. for construction of a bridge on river Ghaghra at Dewara in Mau district.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : सभापति महोद्य, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी जनपद मऊ उ.प्र. के अंतर्गत तहसील मधुबन के अति पिछड़े क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। तहसील मधुबन के अधिकांश क्षेत्र आवागमन की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। देवारा नाम से कहा जाने वाला क्षेत्र मुख्य राजमार्ग से काफी दूर स्थित है। देवारा क्षेत्र से घाघरा नदी बहती है और नदी के उस पार देवरिया जनपद का बरहज बाजार स्थित है। देवारा क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों के हजारों निवासी अपने प्रतिदिन की घेरलू आवश्यकताओं के लिए तथा छात्र उच्च और उच्चतर शिक्षा ग्रहण के लिए घाघरा नदी को नावों से पार कर के अपने निकटतम बाजार बरहज जाते हैं। लेकिन नावों द्वारा आवागमन काफी असुरक्षित और असुविधाजनक है। इस क्षेत्र के लोगों की घाघरा नदी पर पीपे के पुल की मांग काफी वर्षों से है तथा वहां तक पहुंचने के लिए सुग्गीचौरी से परसिया तक कच्चे मार्ग को पीच मार्ग में बदलने की मांग है।

प्रस्तावित पीपे के पुल के अभाव में जनपद मऊ के अन्य लोगों को देवरिया जाने के लिए लगभग 150 कि.मी. घूम कर जाना होता है जबकि पुल बन जाने से सीधे दूरी 25 कि.मी. हो जायेगी। इस पुल का बनना जनहित में नितांत आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मऊ जनपद को देवरिया जनपद से जोड़ने वाले सुग्गीचौरी-परसिया मार्ग को पीच कराने तथा घाघरा नदी पर पीपे का पुल बनाने के लिए जनहित में उ.प्र. सरकार को पर्याप्त धन उपलब्ध करा कर देवारा क्षेत्र में मूलभूत ढांचे के विकास का मार्ग प्रशस्त करें। ----------

।